# अब अजमेर के युवाओं को स्टार्टअप की मिले सुविधा : देवनानी

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत सूचना केंद्र में बनाए गए इन्क्यूवेशन सेंटर और आर्ट गैलरी का बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 4.34 करोड़ रुपए की लागत से स्टार्टअप व्यवसाय को विकसित करने के लिए इन्क्यूवेशन सेंटर और कलाकरों के लिए सूचना केंद्र में आर्ट गैलरी का निर्माण किया गया।

सूचना केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि अजमेर विकास के

■ **स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 4.34 करोड़ रुपए की लागत से हुआ निर्माण**

पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आर्ट गैलरी और इन्क्यूवेशन सेंटर के बनने से युवाओं को स्टार्टअप की सुविधा मिलेगी, जिससे वे लाभांवित होंगे। उन्होंने कहा कि अजमेर और आसपास के कलाकार अपनी कला की प्रदर्शनी यहां लगा सकेंगे। साथ ही ग्राउंड फ्लोर पर करीब एक हजार लोगों के बैठने की सुविधा है। शहर के बीचों बीच आयोजन हो सकेंगे।

**स्टार्ट-अप को मिलेगा बढ़ावा :** स्टार्टअप व्यवसाय को विकसित करने में मदद करने वाले संस्थानों को इन्क्यूवेशन सेंटर कहा जाता है। आमतौर पर स्टार्ट अप्स को व्यापारिक एवं तकनीकी सुविधाओं, सलाह, प्रारंभिक विकास इत्यादि सुविधाएं मिलेगी। इन्क्यूवेशन सेंटर का उद्देश्य उद्यमशिलता प्रतिभा को विकसित करने और नये विचारों के व्यावसायीकरण को बढ़ावा देना है। इन्यूवेशन सेंटर में डीओआईटी से स्टार्ट अप को मार्ग दर्शन मिल सकेगा। रिको भी स्टार्ट अप को बूस्ट करने के लिए उपयोग में ले सकेंगी। इन्क्यूवेशन सेंटर एवं आर्ट गैलरी का निर्माण के तहत द्वितीय तल पर कॉन्फ्रेंस हॉल गेस्ट रूम और ऑफिस की सुविधा मिलेगी।




विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने आर्ट गैलरी और इन्क्यूवेशन सेंटर का लोकार्पण किया।

## 200 बच्चों को गर्म टोपी, जूते, हाथ के दस्ताने बांटे

**अजमेर** (कासं)। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के तत्वावधान में संचालित 'मेक अ विश - स्ट्रीट एंड स्लम चिल्ड्रन' परियोजना के अंतर्गत कच्ची बस्ती में रहने वाले लगभग 200 जरूरतमंद बच्चों को सर्दियों में गर्म रखने के लिए टोपी, जूते, दस्ताने और खजूर का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम घूघरा, दोराई, ट्रांसपोर्ट नगर, सोमलपुर और कायड़ क्षेत्र की 8 बस्तियों में आयोजित किया गया।

संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. एस. एन. शर्मा ने बताया कि हर वर्ष सर्दियों के दौरान कच्ची बस्तियों में बच्चों के लिए राहत सामग्री का प्रबंध अक्सर कम हो पाता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सोमलपुर सरपंच छोगा नाथ ने संस्था के कार्य की सराहना करते हुए बताया की यह राहत सामग्री बच्चों को सर्द हवाओं से सुरक्षित रखने में उपयोगी साबित होगी।

कार्यक्रम में सरोज सांखला, जितेंद्र मेघवंशी, तोताराम उदयवाल, सुरभि कलोसिया और सुमन मेघवंशी ने विशेष योगदान दिया। संस्था द्वारा आने वाले दिनों में लगभग 525 से अधिक बच्चों को इस राहत सामग्री से लाभान्वित किया जाएगा।

## आमजन लाभान्वित नहीं

**मसूदा** (निसं.)। मसूदा कस्बे को ग्राम पंचायत से नगर पालिका क्रमोन्नत किए जाने से ग्रामीणों को कस्बे के विकास कार्यो की उम्मीद बनी थी की इससे कस्बे के विकास में नए आयाम स्थापित होंगे लेकिन कस्बे में नगर पालिका का अधिकारी पद स्थापित कर दिए जाने एवं दो कार्मिकों को प्रतिनियुक्ति पर दो दिन के लिए कस्बे का कार्य करने के लिए लगा दिए जाने के बाद भी इस नगर पालिका के दरवाजे अधिकांश बंद ही मिलते है। मसूदा नगर पालिका तो बन गई लेकिन उसका लाभ जनता को नहीं मिल रहा है जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के रोजमर्रा के कार्य जिसमे नल कनेक्शन, बिजली कनेक्शन लेना, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जन आधार सहित कई कार्य के लिए ग्रामीण चक्कर लगाते नजर आ रहे है लेकिन ग्रामीणों का ना तो कोई कार्य हो रहा है और नही ग्रामीणों को कोई जानकारी मिल पा रही हे जिससे परेशान होकर ग्रामीण यह कहते नजर आए कि इससे तो ग्राम पंचायत ही ठीक थी जहा आने पर कार्य के संबंध में जानकारी भी मिल जाती थी और कार्य भी हो जाता था। लेकिन अब नगर पालिका बन जाने से ग्रामीणों के कार्य स्थिर हो गए है। कस्बे वासियों को ग्राम पंचायत से नगर पालिका में क्रमोन्नत हो जाने पर कई अपेक्षाएं थीं कि अब नगर पालिका बन जाने के बाद कस्बे में साफ सफाई बिजली सहित उचित यातायात व्यवस्था मिल पाएगी।

## सार-समाचार

### वार्षिकोत्सव में हुआ संत समागम

**अजमेर** (कासं)। जनता कॉलोनी वैशाली नगर स्थित सन्त धन्नेश्वर मन्दिर दादी मोहिनी के आश्रम में संत ब्रम्हचारी धन्नी फकीर धन्नेश्वर सन्त के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सैकडो श्रद्धालुओं ने पूजन करके और सत्संग प्रवचनो में नाचकर झूमकर अपने गुरू का पूजन किया। सेवादारी भक्तियाणी हर्षिता और दौलत खेमानी के नेतृत्व में सत्संग प्रवचन व गीतो भजनो के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धन्नेश्वर मन्दिर जनता कॉलोनी वैशाली नगर में सन्त धन्नी फकीर, दादी मोहिनी और भक्तियाणी दादी कान्ता की स्मृति में अनेक भजन और श्रीराम दरबार में हनुमानजी की महिमा के भजन महिला मंडल द्वारा गाए गए। दरबार के कार्यक्रम संयोजक विजय खेमानी और रमेश लालवानी ने बताया कि धन्नेश्वर मन्दिर दरबार में इस अवसर पर धन्नेश्वर मन्दिर आश्रम की संस्थापक ब्रम्हलीन ब्रम्हचारी सन्त दादी मोहिनी के जीवन चरित्र पर आधारित सत्संग प्रवचनों का भी आयोजन किया गया।दौलत खेमानी ने बताया कि धन्नेश्वर मन्दिर की संस्थापक दादी मोहिनी का जन्म 21 मई 1946 को हुआ और ब्रम्हलीन 29 दिसम्बर 2018 को हुई। उनके जीवन पर आधारित सत्संग प्रवचन भी हुए और पल्लव प्रार्थना के साथ धार्मिक आयोजन का समापन हुआ।

### गुरुवाणी प्रचार कार्यक्रम 21 से

**अजमेर** (कासं)। महाराष्ट्र के गुरुवाणी प्रचारक संत दादा लक्ष्मण चेलाराम का चार दिवसीय गुरुवाणी प्रचार कार्यक्रम 21 से 25 दिसंबर को अजमेर के विभिन्न सिंधी आश्रमो व दरबारों में प्रचार प्रसार कर लोगो में आध्यात्मिक ज्ञान की गंगा बहाएंगे। ।बाबा हरदयाल दरबार ठठेरा चैक के सन्त स्वामी अशोक गाफिल और सेवादारी दल संयोजिका जया देवनानी, पूज्य सिन्धी पंचायत के महासचिव रमेश लालवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि महाराष्ट्र सोलन के सन्त दादा लक्ष्मण चेलाराम चार दिन तक अजमेर के श्रद्धालुओं को सत्संग कीर्तन के माध्यम से गुरुवाणी का प्रचार प्रसार करेंगे। अशोक गाफिल ने बताया कि 22 दिसंबर को सायं पांच से छह बजे तक झूला मोहल्ला डिग्गी बाजार स्थित निर्मल आश्रम स्वामी माधव दास दरबार में सत्संग प्रवचनो के माध्यम से गुरूवाणी का प्रचार करेंगे। 23 दिसंबर को प्रेम प्रकाश मार्ग वैशाली नगर वैशालीनगर स्थित प्रेमप्रकाश आश्रम में सत्संग प्रवचनो का आयोजन किया जाएगा।

# सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारी की संदिग्ध मौत जांच

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर नगर निगम के रिटायर्ड राजस्व अधिकारी ईश्वर चंद्र वर्मा की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। उनका शव कार में पड़ा मिला था। बुधवार सुबह पुलिस ने जेएलएन अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा शव परिजन के सुपुर्द कर दिया, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

गंज थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार देर शाम वर्मा का शव उनके खरखेड़ी रोड स्थित फार्म हाउस के पास स्थित उनकी निजी कार में मिला था। बुधवार को अजमेर दक्षिण विधायक अनीता भदेल जेएलएन अस्पताल की मोर्चरी पहुंची और परिवार को सांत्वना दी। उनके साथ मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया और अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे भी मौजूद थे। पुलिस ने मृतक की कार की एफएसएल जांच करवाई। गंज थाना प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि ईश्वर चंद्र वर्मा का शव उनकी कार में मिला था। उनके शरीर पर जलने के निशान थे और चेहरा भी काला हो चुका था। वर्मा की मौत कैसे हुई, इस पर जांच की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में परिचितों सहित अन्य लोगों से पूछताछ की है। मृतक वर्मा के मोबाइल फोन की भी जांच की जा रही है। उन्होंने मंगलवार किन-किन लोगों से बातचीत की और उनके पास किन लोगों के फोन आए थे। वर्मा के भतीजे ने गंज थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है।

मामले के अनुसार ईश्वर चंद्र वर्मा दोपहर 1.30 बजे अपने फार्म हाउस गए थे। वे एक वेल्डिंग वाले को फार्म हाउस पर छोड़कर वापस फॉयसागर की तरफ अपनी कार में आए थे। डेढ़ घंटे तक वापस नहीं लौटे तो वेल्डिंग वाला उन्हें ढूंढते हुए खरखेड़ी रोड पर पहुंचा।

## सहायता शिविर आयोजित

**सरवाड़** (निसं.)। नगर पालिका परिसर में जिला कलक्टर व उपखण्ड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर के निर्देशानुसार नगर पालिका परिसर में विमुक्त घुमंतू व अर्द्ध घुमन्तू सहायता शिविर का आयोजन किया गया वहीं शिविर में मतदाता पहचान पत्र आधार कार्ड जन आधार कार्ड जाति प्रमाण पत्र मूल निवास प्रमाण पत्र राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड शहरी नरेगा आवेदन आवासहीन व्यक्तियों को निःशुल्क भूमि आवंटन तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवंटित भूमि पर आवास झुग्गी झोपड़ियो में रहने के कारण त्वचा रोग संबंधि रोग कुपोषण संबंधित समस्याओं का दवाई कीट पेंशन योजना एवं अन्य सरकारी योजनाओं के आवेदन प्राप्त किये गये इस दौरान शिविर प्रभारी अधिशाषी अधिकारी भागचन्द खटीक नगर पालिका अध्यक्ष उर्वशी जैन भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्यारेलाल खटीक गिरदावर म मुस्कान खान साहित अन्य उपस्थित रहें।

# भारतीय भाषा उत्सव पर संगोष्ठी का आयोजन

**अजमेर** (कासं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के सिंधु शोधपीठ द्वारा प्रसिद्ध तमिल कवि, लेखक, पत्रकार और स्वतंत्रता सेनानी महाकवि सुब्रमनिया भारती के जन्म जयंती पर भारतीय भाषा उत्सव एक विचार गोष्ठी के माध्यम से मनाया गया।

संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय भाषाओं के महत्व को उजागर करना और भाषाई विविधता के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शोधपीठ के निदेशक एवं प्राणी शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष चंद्र ने भाषा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक पहचान का अभिन्न अंग है। प्रो. सुभाष चंद्र ने भारतीय भाषाओं की विविधता और

■ **भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक पहचान का अभिन्न अंग है**

उनके अद्वितीय स्वरूप की सराहना करते हुए यह भी बताया कि वर्तमान समय में वैश्वीकरण और डिजिटल प्रौद्योगिकी के प्रभाव से कई भारतीय भाषाएँ विलुप्ति के कगार पर हैं, और इन्हें संरक्षित करना अत्यंत आवश्यक है। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अजमेर के प्रतिष्ठित शिक्षाविद् और क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (एनसीईआरटी) के पूर्व उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश मिश्रा ने भारतीय भाषाओं के महत्व और उनकी विलुप्ति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बच्चों के भाषा विकास के प्रारंभिक चरणों को उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत किया और भारतीय भाषाओं के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ. राजू शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए गीता दिवस पर भी प्रकाश डाला और कहा कि श्रीमद् भगवद गीता हमें जीवन की सच्चाईयों से रूबरू कराती है और अंधविश्वास तथा झूठी मान्यताओं से मुक्ति दिलाने एवं आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होती है। इस अवसर पर प्रो. आशीष भटनागर, प्रो. रितु माथुर, प्रो. अरविंद पारीक, अतिथि शिक्षक, शोधार्थी और छात्रगण भी उपस्थित रहे। इस आयोजन ने भाषा के सामाजिक, सांस्कृतिक और संवादात्मक पहलुओं पर जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संभाग स्तरीय जनसुनवाई आज

**अजमेर** (कासं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम द्वारा हाथी भाटा पावर हाउस में गुरुवार को विद्युत उपभोक्ताओं एवं आम नागरिकों की विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए निदेशक तकनीकी मुकेश चंद बाल्दी द्वारा जनसुनवाई की जाएगी। जनसम्पर्क अधिकारी सतीश सोनी ने बताया कि प्रबंध निदेशक के निर्देशानुसार संभाग स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन गुरुवार को अजमेर में हाथी भाटा स्थित पावर हाउस में प्रातः 11 से दोपहर एक बजे तक आयोजित की जाएगी जनसुनवाई में भाग लेने के लिए आमजनों का रजिस्ट्रेशन का कार्य 10 से 11 बजे तक किया जाएगा। जनसुनवाई रखी गयी है। जनसुनवाई में अजमेर, संभाग के अधीनस्थ आने वाले अजमेर, ब्यावर, केकडी, भीलवाडा, शाहपुरा, नागौर एंव डीडवाना-कुचामन जिलों के सम्बन्धित उपभोक्ता विद्युत सेवाओं से सम्बन्धित अपनी परिवेदना प्रस्तुत कर सकतें हैं।

## स्व. सुराणा के नेत्रों से होगी दो की दुनिया रोशन

**अजमेर** (कासं)।वैशाली नगर निवासी समाजसेवी विमल चंद सुराणा का देहांत मंगलवार को हो गया। उनके अंतिम इच्छा के अनुरूप श्री प्राज्ञ जैन युवा मंडल अजमेर की प्रेरणा से गोपाल सिंह, ज्ञानचंद, गजेंद्र, अंकित, अक्षित, मोहित सुराणा एवं अक्षय ललवानी, अमित लोढ़ा, अंकित टुकलिया, पुलकित कोठारी परिजन ने मरणोपरांत नेत्रदान कराया गया। युवा मंडल ने इस पुनीत कार्य के लिए परिजन का आभार जताया। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय अजमेर की टीम के डॉ.भरत कुमार शर्मा द्वारा नेत्र उत्सर्जित किए गए। इस दौरान श्री प्राज्ञ जैन युवा मंडल अजमेर के संरक्षक सुनील सेठी, प्रदीप नाहर, अमित पोखरना, प्रकाश चंद रांका, महावीर राका, सुनील रांका, दिनेश मेहता, अंकित लोढ़ा, संदीप चोरडिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सक्षम व्यक्तियों को स्वैच्छा से नाम हटवाने की अपील

**अजमेर** (कासं)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित सक्षम व्यक्तियों को स्वेच्छा से योजना से नाम हटवाने के लिए गिव-अप अभियान चालया जा रहा है।

31 जनवरी 2025 तक चलने वाले अभियान के दौरान यदि सक्षम व्यक्ति अपने नाम नहीं हटवाते है, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (एनएफएसए) में चयनित सक्षम व्यक्तियों के नाम स्वेच्छा से हटाने के लिए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने गिव अप अभियान चलाया है, जिसका उद्देश्य अपात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर योजना का लाभ सही पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना है।

गिव-अप अभियान के प्रचार के लिए प्रत्येक राशन की दुकान पर पोस्टर और पलेक्स लगाए जा रहे है, ताकि

■ **योजना से नाम हटवाने के लिए गिव-अप अभियान चालया जा रहा है**

अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंच सकें। अभियान के तहत सभी राशन की दुकानों पर सक्षम व्यक्तियों के भरने के लिए फॉर्म रखवा दिये गये हैं।

गिव-अप अभियान के तहत आयकरदाता, चौपहिया वाहन धारक, सरकारी कर्मचारी, अर्द्ध सरकारी कर्मचारी, स्वायत्त संस्थाओं में कर्मचारी/अधिकारी एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर एवं एक वाणिज्यिक वाहन जो जीविकोपार्जन में प्रयोग आता हो को छोड़कर) निष्कासन सूची में सम्मिलित है।

सक्षम व्यक्ति अपने क्षेत्र के राशन दुकानदार के पास जाकर निर्धारित फॉर्म भरकर योजना से अपना नाम हटवा सकते हैं। स्वेच्छा से नाम हटाने का यह फॉर्म जिले की सभी राशन दुकानों पर उपलब्ध है। रसद विभाग ने चेतावनी दी है कि 31 जनवरी 2025 तक नाम नहीं हटवाने वाले अपात्र और सक्षम व्यक्तियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की जाएगी। ऐसे व्यक्तियों से उनके द्वारा लिए खाद्यान्त्र की बाजार दर से (लगभग 27 रूपये) वसूली की जाएगी। साथ ही, आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के तहत कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

## भवन निर्माण कार्यों पर पाबंदी

**अजमेर** (कासं)। अजमेर नगर निगम ने उर्स मेले के मद्देनजर एक आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत बुधवार से 10 जनवरी 2025 तक मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार के भवन निर्माण या मरम्मत कार्य की स्वीकृति अस्थायी रूप से निरस्त कर दी गई है। यह निर्णय दरगाह बाजार और आसपास के क्षेत्रों में मेले के दौरान बढ़ती भीड़ और यातायात की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। नगर निगम की और से जारी आदेश में उर्स मेले के दौरान दरगाह बाजार, नला बाजार, अन्दरकोट, खादिम मौहल्ला, ईमाम बाडा, सोलथंबा, लंगरखाना गली, फूल गली, डिग्गी बजार, पन्नीग्राम चौक, तारागढ़ रोड घाटी से विश्राम स्थली लौंगिया मौहल्ला, कुम्हार मौहल्ला, बाबुगढ़ क्षेत्र, नला बाजार से घसेटी बाजार होते हुए डिग्गी बाजार आदि और आस-पास के क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा।

# बुलंद दरवाजे पर 28 को उर्स का झंडा चढ़ेगा

**अजमेर,** (कासं)। सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें उर्स की छड़ियां लेकर कलंदर और मलंग दिल्ली के महरौली से अजमेर के लिए रवाना हो गए। दिल्ली से अजमेर तक पैदल आने वाले कलंदर और मलंग आगामी एक जनवरी को ख्वाजा साहब की दरगाह पहुंचेंगे। इसी दिन सुबह चार बजे दरगाह का जन्नती दरवाजा खोला जाएगा।

दरगाह ख्वाजा साहब के खादिम सैयद फजले अमीन चिश्ती बताया कि महरौली स्थित हजरत ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी की दरगाह से कलंदर और मलंगों को रवाना किया। इससे पूर्व कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी की दरगाह में फातिहा के बाद गरीब नवाज के उर्स के शांतिपूर्वक संपन्न होने के लिए दुआ की गई। चिश्ती ने बताया कि हर बार ढाई से तीन हजार कलंदर और मलंग छड़ियां लेकर आते हैं, यह लोग दिल्ली महरौली स्थित अंधेरी मोड़ से पैदल रवाना हुए हैं और करीब 25 दिन की यात्रा पैदल ही पूरी करके अजमेर पहुंचेंगे।

800 साल पहले ख्वाजा गरीब नवाज के खलीफा (शिष्य) कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी ने दरगाह में परचम लाने की परंपरा शुरू की थी, मलंग आज भी उस परंपरा को निभा रहे हैं। छड़ी का जुलूस निकालकर ख्वाजा गरीब नवाज के प्रति अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं। देश के कौने-कौने से ख्वाजा गरीब नवाज के चाहने वाले मलंग उर्स से 25 दिन पहले महरौली में एकत्रित होते हैं, वहां से हक मोइन या मोइन, दम मदार बेड़ा पार के नारे लगाते हुए हाथों में परचम थामे पैदल अजमेर दरगाह के लिए रवाना होते हैं।

# अजमेर में राजस्थान राजस्व बार एसोसिएशन की हुई जीत

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान राजस्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र बराड़ और सचिव भींयाराम चौधरी ने बताया कि राजस्व मंडल राजस्थान की स्थाई बैंच जयपुर में स्थापित करने के लिए लगाई याचिका को हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और न्यायाधीश आशुतोष कुमार की बैंच ने यह कहते हुए द डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जयपुर की याचिका को

■ **द डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जयपुर की याचिका को हार्डकोर्ट ने किया खारिज**



अजमेर राजस्व बार एसोसिएशन की जीत का जश्न मनाते वकील।

एडमिशन के स्तर पर ही खारिज किया कि सर्किट बेंच और स्थाई बेंच बनाना राजस्थान सरकार के अधीन आता है। इसलिए उच्च न्यायालय द्वारा किसी विशेष स्थान पर स्थाई या सर्किट बेंच खोलने का कोई आदेश जारी नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने रिट को डिस्पोज ऑफ कर दिया। इस मामले में राजस्व मंडल राजस्थान की तरफ से एडवोकेट धर्मेंद्र चौधरी ने भी पैरवी की। यह निर्णय राजस्थान राजस्व बार एसोसिएशन की मेहनत की जीत है। साथ ही पूरे अजमेर वासियों की जीत है। गौरतलब है कि जयपुर बार ने रिट के जरिए मांग की थी कि राजस्थान रेवेन्यू बोर्ड की परमानेंट बेंच जयपुर को दी जाए। इस पर रेवेन्यू बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बराड़, सचिव भींयाराम चौधरी और एडवोकेट धर्मेंद्र चौधरी ने रेवेन्यू बोर्ड का पक्ष रखा। अध्यक्ष और सचिव को रेवेन्यू बोर्ड में उनके साथी वकीलों ने ढोल धमाको से स्वागत कर फूल मालाओं से लाद दिया। वकीलों ने इसे अजमेर की जीत बताया। जयपुर में जारी हुए हाईकोर्ट के आदेश से अन्य मामलों में भी राजस्थान राजस्व बार एसोसिएशन की जीत लगभग तय हो गई है जिससे राजस्व मंडल राजस्थान के बिखंडन की खबरों पर विराम लगेगा।

# बाल विवाह पर सख्त हो कार्यवाई : डीआईजी

**अजमेर** (कासं)। लिंग आधारित हिंसा और बाल विवाह से निपटने के लिए महिला सुरक्षा सखियों की क्षमता निर्माण हेतु बुधवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन अजमेर रेंज के डीआईजी ओम प्रकाश ने किया। रेंज के 70 से 75 अधिकारी और कर्मचारियों ने हिस्सा ले रहे हैं।

डीआईजी ओम प्रकाश ने कार्यशाला के महत्व जानकारी देते हुए कहा कि महिला अपराधों की रोकथाम और अपराधियों को सजा दिलाने के लिए प्रशिक्षित करना इस कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों की रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाए जाने चाहिए और अपराधियों को शीघ्रता से न्याय के कटघरे में खड़ा करना आवश्यक है। कार्यशाला में महिला अपराधों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें विशेष रूप से लिंग आधारित हिंसा और बाल विवाह पर ध्यान केंद्रित किया गया। महिला अपराधों की रोकथाम और त्वरित जांच सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विधियों और उपायों पर प्रशिक्षित किया गया। ऐसे अपराधों में उच्चतम स्तर की सजा दिलाने के लिए कानूनी

■ **कार्यशाला में महिला अपराधों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई**

प्रक्रियाओं का पालन किया जाए। कार्यशाला में विभिन्न विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से महिला और बाल अपराधों की जांच की जानी चाहिए ताकि न केवल पीडितों को न्याय मिले बल्कि अपराधियों को भी दंडित किया जा सके।

अधिकारी और कर्मचारियों को विस्तार से बताया गया कि वे महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की शिकायतों को गंभीरता से लें और उन्हें शीघ्रता से निपटाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने बताया गया कि बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को रोकने के लिए समाज में जागरूकता की आवश्यकता है। कार्यशाला का महत्वपूर्ण पहलू यह भी था कि इसमें भाग लेने वाले सभी प्रशिक्षुओं को यह बताया गया कि वे अपने संबंधित क्षेत्रों में जाकर अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को भी प्रशिक्षित करें।

**जिला बार एसोसिएशन की वेबसाइट लॉन्च :** अजमेर जिला बार एसोसिएशन की आधिकारिक वेबसाइट का उद्घाटन बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश संगीता शर्मा ने किया। बार के अध्यक्ष चंद्रभान सिंह राठौड़ ने बताया कि इस वेबसाइट पर पिछले छह महीनों से काम चल रहा था और अब इसे वकीलों और अन्य संबंधित लोगों के लिए उपलब्ध करवा दिया गया है।

**NAME CHANGE**
I, DEEPA RAI Mother of 14833459K Rank NK (MT), Name: SOHAN KUMAR Residing at Vill:- BHERABHERI/MISSAMARI, Post:- NEPALIBASTI, Tehsil:- DHEKIAJULI, Distt-SONITPUR, State:- ASSAM, Pin:- 784506 have changed my name from DEEPA RAI to GITA DEVI vide affidavit BW 943207 Dated 11/12/2024 before Court campus Nasirabad

**आम सूचना**
मेरे पिता छोटू पुत्र बालू जाति जाट निवासी बालापुरा की मृत्यु दिनांक 1-3-1997 को मेरे निवास स्थान बालापुरा में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत ढसूक में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे पिता छोटू का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अराई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अराई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
प्रार्थी- लक्ष्मण पुत्र छोटू जाति जाट निवासी ग्राम बालापुरा तह. अराई ( अजमेर )

LSG/BEAWAR/MUT / 2024-25/112052 DATE :-11-12-2024
**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25/9733 दिनांक: 11-12-2024
**सार्वजनिक सूचना**
श्री गिरधारी लाल गौड पुत्र श्री भंवरलाल गौड निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 1, रामचन्द्र कॉलोनी नया नगर मसूदा रोड प्लाट नं. 17 खसरा नं. 373 क्षेत्रफल 150.00 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री कैलाश गोठडीवाल पुत्र श्री टीकमचन्द गोठडीवाल के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा दिनांक 21.03.2024 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी। आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**
**निविदा संख्या:** LWS-TC-OPN-TA&TM-2024R. **दिनांक:** 10.12.2024. **कार्य का नाम:** वर्क ऑफ रिवाईन्डिंग एंड रिपेयर ऑफ कएल ऑफ मैन स्टेटर एक्साइटर शेटर, शेटर शाफ्ट, मैन रोटर पोल कनेक्टिंग सपोर्टिंग रिंग एक्साइटर स्टैटर एंड पोल (मैन फील्ड) ऑफ टीए ऑफ डीपीसी & वर्क ऑफ रिवाईन्डिंग एंड रिपेयर ऑफ टीएम 4303 भेल आर्मेचर (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार). **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.71,44,777/- (इकहत्तर लाख चवालीस हजार सात सौ सतहत्तर रुपये मात्र). **कार्य का स्थान:** लोको एंड वैगन वर्कशॉप, अजमेर. **बिड सिक्यूरिटी/घरोहर राशि:** रू 1,42,900/- (एक लाख बयालीस हजार नौ सौ रुपये मात्र). **ई-निविदा प्रस्तुत करने अंतिम तिथी एव खुलने का समय व दिनांक: 31/12/2024 को 11:00 बजे** तक ई-निविदा उसी दिन 11.15 पर खोली जायेगी। अपरिहार्य कारणो के चलते निविदा खोले जाने के शेड्यूल मे परिवर्तन किया जा सकता है। **वेबसाईट विवरण जहाँ से ई-निविदा की पूर्ण जानकारी देखी व इस में भाग लिया जा सके:** http://www.ireps.in 1421-AR/24
/NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**
**लोक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जवाहर खबर पुत्र स्व. श्री खानचन्द जाति सिन्धी निवासी 65 सन्त लीला शाह कॉलोनी धोलाभाटा रोड अजमेर की ग्राम चौरसियावास, अजमेर के ख. सं. 1338 से 1341 प्लाट नम्बर 2 में क्षेत्रफल 234.11 वर्गमीटर/280 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रकियाधीन है। जवाहर खबर पुत्र स्व. श्री खानचन्द को उक्त भूखण्ड पुष्पा खबर पुत्री स्व0 श्री खानचन्द, ललिता बसंदानी उर्फ ललिता पत्नी स्व0 श्री नरेन्द्र खबरानी, हिमांशी खबरानी पुत्री स्व0 श्री नरेन्द्र खबरानी द्वारा हत्याग दिनांक 04.10.2022 से प्राप्त हुआ है। स्व* विमला उर्फ बिमला खबर/खबबड़ पुत्री स्व. श्री खानचन्द खबर/खबूदड़ एक ही व्यक्ति है, एवं स्व0 श्री खानचन्द खबर/खबूदड़/खब्बड़ एक ही व्यक्ति है। उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर सात दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी। (सूर्य कान्त शर्मा) उपायुक्त (उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

**आम सूचना**
मैं मेरे अभिभाष्य बैंक सिडबी किशनगढ़ के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मै. पद्मावती एग्रीको (इंडिया) प्रा. लिमिटेड ने मेरे अभिभाष्य बैंक से एक संपति को जरिये ऋण बंधक रखने के लिए आवेदन किया है। उक्त संपति को वर्तमान मे पद्मावती एग्रिको (इंडिया) प्रा.लि. ने जरिये विक्रय पत्र दिनांक 4 सितंबर 2023 को मैं.सेंचुरी इंफ्रा मटेरियल प्रा.लि. से क्रय की थी। उक्त विक्रेता ने यह संपति श्री दानवीर द्वारा मुखत्यरनामा गृहिता श्री सुभाष गोयल से जरिये रजि.विक्रय पत्र दिनांक 14 मार्च 2012 को क्रय की थी। दिनांक 13 मार्च 2012 को श्री दानवीर ने एक नोतराइज्ड मुख्तारनामा उक्त संपत्ति बावत श्री सुभाष गोयल के पक्ष में निष्पादित किया था। दिनांक 21 सितंबर 2011 को श्रीमान उपखंड अधिकारी केकड़ी जिला अजमेर द्वारा उक्त संपति के संदर्भ मे भू संपरिवर्तन आदेश संख्या 60 श्री दानवीर के पक्ष मे जारी किया था। दिनांक 4 सितंबर 2023 को विक्रय पत्र के अनुसार यह संपति वाके ग्राम बोगल तहसील केकड़ी जिला अजमेर में स्थित है एवं खसरा नंबर 1729,1730/2067, 1731, 1747/2121 कुल किता चार कुल रकबा 2.43 हेक्टेयर संपूर्ण क्रय की थी। जिसके वर्तमान एक त्रेता स्वामी के पास मूल विक्रय पत्र दिनांक 14 मार्च 2012, मुख्तारनामा दिनांक 13 मार्च 2012 एवं संपरिवर्तन आदेश संख्या 60 दिनांक 21 सितंबर 2011 उपलब्ध नहीं है, जिसकी क्रेता ने जरिये प्रबंधक श्री जीत कुमार बाकलीवाल एल.आर. संख्या 2503903/2024, दिनांक 10 दिसम्बर 2024 के जरिये राजस्थान पुलिस को सूचना दी है। अगर किसी भी सर्व साधारण को, ऋणदात्री सरकारी तथा गैर सरकारी संस्था को उज्र, ऐतराज, आपत्ति हो तो अथवा किसी भी व्यक्ति को उक्त दस्तावेजो की प्राप्ति होती है तो 15 दिवस के भीतर लिखित मे अपनी उज्र, ऐतराज, आपत्ति/ दस्तावेज़ खोया पाने की स्थिति मे प्राप्त करता उक्त दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय मे व्यक्तिशः उपस्थिति होकर दस्तावेज लेकर आये। आपत्ति होने की स्थिति में लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय के विज्ञापन के प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर दर्ज कराये, अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे अभिभाष्य सिडबी बैंक व ऋण आवेदक के विरुद्ध कोई भी उज्र आपत्ति, एतराज स्वीकार नहीं किया जाएगा। सूचित रहे। एडवोकेट-राशिद अली, पोल्ट्री फार्म के पास, वार्ड नं 12 गांधीनगर, मदनगंज-किशनगढ़ (अजमेर) -9928555255

